Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 17-03-2006
Participants : Khanduri AVSM,Maj.G Bhuwan Chandra

an>

Title : Need to expedite opening of a Kendriya Vidyalaya at Gopeshwar in Chamoli district, Uttaranchal.

मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) भुवन चन्द्र खंडूड़ी (गढ़वाल) : अध्यक्ष महोदय, उत्तरांचल के जनपद चमोली के मुख्यालय गोपेश्वर में पिछली एनडीए सरकार ने केन्द्रीय विद्यालय स्थापित किए जाने की स्वीकृति प्रदान की थी। परन्तु, दो सालों के बाद भी जनपद मुख्यालय में उक्त विद्यालय की स्थापना नहीं हो पायी है। इस संबंध में संबंधित मंत्री एवं विभागध्यक्षों से भी पत्राचार किया गया था परन्तु सरकार द्वारा विद्यालय खोलने के संबंध में अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गयी है। मेरा सरकार से आग्रह है कि इस विद्यालय को शीघ्र प्रारंभ किया जाये, जिससे स्थानीय लोगों को लाभ मिल सके।